# अध्याय - 7 | स्वयं प्रकाश

## QUIZ-02

1. **पानवाले का शारीरिक वर्णन कैसे किया गया है?**
   A. दुबला-पतला और उदास
   B. काला, मोटा और खुशमिजाज
   C. लंबा और कमजोर
   D. गोरा और गंभीर (B)

*व्याख्या :* पानवाले को काला, मोटा और खुशमिजाज बताया गया है।

2. **हालदार साहब ने पानवाले से सबसे पहले क्या पूछा?**
   A. नेताजी के बारे में
   B. मूर्ति के बारे में
   C. चश्मा बदलने वाले के बारे में
   D. पान के बारे में (C)

*व्याख्या :* हालदार साहब ने पानवाले से पूछा कि चश्मा बदलता कौन है।

3. **पानवाले ने चश्मा बदलने वाले व्यक्ति का नाम क्या बताया?**
   A. मास्टर मोतीलाल B. कैप्टन चश्मेवाला
   C. हालदार साहब D. नेताजी (B)

*व्याख्या :* पानवाले ने बताया कि चश्मा बदलने का काम कैप्टन चश्मेवाला करता है।

4. **कैप्टन चश्मेवाला मूर्ति का चश्मा क्यों बदल देता था?**
   A. नेताजी को बिना चश्मे के देखना उसे अच्छा नहीं लगता था
   B. ग्राहक की ज़रूरत होने पर वह वही फ्रेम ग्राहक को दे देता था
   C. मूर्ति पर लगाया चश्मा खराब हो जाता था
   D. वह नई शैली का चश्मा दिखाना चाहता था (B)

*व्याख्या :* जब किसी ग्राहक को मूर्ति वाले जैसा फ्रेम चाहिए होता था, तो वह वही फ्रेम उतारकर दे देता था और मूर्ति पर दूसरा लगा देता था।

5. **हालदार साहब की आदत चौराहे पर रुकने की क्यों हो गई थी?**
   A. उन्हें पान खाना अच्छा लगता था
   B. उन्हें मूर्ति पर बदलते चश्मे देखने की जिज्ञासा थी
   C. वे पानवाले से बातें करना चाहते थे
   D. वे मूर्तिकार से मिलना चाहते थे (B)

*व्याख्या :* हालदार साहब को हर बार मूर्ति का बदला हुआ चश्मा देखने की जिज्ञासा रहती थी।

6. **मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल ने मूर्ति बनाते समय क्या भूल की थी?**
   A. मूर्ति का रंग करना भूल गए
   B. नेताजी का असली चश्मा बनाना भूल गए
   C. मूर्ति को वर्दी पहनाना भूल गए
   D. मूर्ति पर नाम लिखना भूल गए (B)

*व्याख्या :* मूर्तिकार मास्टर मोतीलाल ने नेताजी का असली पत्थर का चश्मा बनाना भूल गए थे।

7. **पानवाले ने मूर्तिकार की भूल को किस तरह मजेदार बताया?**
   A. मुस्कराकर और तोंद हिलाकर
   B. हँसते-हँसते दुकान छोड़कर
   C. चिल्लाकर
   D. ग्राहकों से मजाक करके (A)

*व्याख्या :* पानवाला आँखों-ही-आँखों में हँसता और अपनी तोंद हिलाता हुआ यह बात बताता है।

8. **'बत्तीसी दिखाना' का क्या अभिप्राय है?**
   A. दाँत पीसना B. बात करना
   C. मुस्कुराना D. जोर से हँसना (D)

*व्याख्या :* 'बत्तीसी दिखाना' का अर्थ है जोर से हँसना।

9. **हालदार साहब को पानवाले की बात शुरु में क्यों समझ नहीं आई?**
   A. वे असावधान थे
   B. पानवाला आधा-अधूरा उत्तर दे रहा था
   C. पानवाले के मुँह में पान ठुँसा हुआ था
   D. वे नेताजी की मूर्ति को ठीक से नहीं देख पाए (C)

*व्याख्या :* पानवाले के मुँह में पान ठुँसा होने के कारण उसकी बात साफ समझ में नहीं आई।

10. **हालदार साहब को यह सब किस तरह का अनुभव लगा?**
    A. सामान्य
    B. हास्यास्पद और कौतुकपूर्ण
    C. दुखद और गंभीर D. व्यर्थ (B)

*व्याख्या :* हालदार साहब को यह अनुभव विचित्र और कौतुकपूर्ण लगा।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App